# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड
# RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD

**<u>सूचना-पत्रक</u>**

**ग्रेड (सीभ) में सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (सांसूप्रवि)**
**में अधिकारियों की भर्ती – पैनल वर्ष 2026**

**चरण-।। परीक्षा**

1. **परीक्षा की योजना :**

इस परीक्षा में दो प्रश्नपत्र (दो पालियों में आयोजित) होंगे जो इस प्रकार हैं:

| पाली | प्रश्नपत्र | प्रश्नपत्र का नाम | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | अवधि (मिनट) |
|---|---|---|---|---|---|
| **पूर्वाह्न** | प्रश्नपत्र-।। | वर्णनात्मक प्रकार (सांख्यिकी पर) (प्रश्नपत्र कंप्यूटर पर दर्शाया जाएगा और उत्तर उत्तरपुस्तिका पर लिखने होंगे) | 5 | 100 | 180 |
| **अपराह्न** | प्रश्नपत्र-।।। | अंग्रेजी (वर्णनात्मक)<br>(उत्तर की-बोर्ड की सहायता से टाइप करने होंगे) | 3 | 100 | 90 |

परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाएगी जिन्हें चरण -I (प्रश्नपत्र-I) के परिणामों के आधार पर सूचीबद्ध किया गया है। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। उम्मीदवारों को दोनों पालियों में उपस्थित होना होगा। प्रश्नपत्र वार परीक्षा/पालियों की तिथि, समय और परीक्षा स्थल प्रवेश पत्र में दर्शाया गया है। दोनों पालियों के लिए केवल एक ही प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। उम्मीदवारो को सलाह दी जाती है की प्रश्नपत्र-।। तथा प्रश्नपत्र-।।। के लिए एकही प्रवेशपत्र साथ लाए । प्रवेशपत्र केवल आरबीआई की वेबसाइट से डाऊनलोड किया जाना चाहिए ।

साक्षात्कार हेतु सूचीबद्ध किए जाने के लिए न्यूनतम कुल कट-ऑफ अंक बोर्ड द्वारा रिक्तियों की संख्या के आधार पर तय किए जाएंगे। साक्षात्कार हेतु सूचीबद्ध उम्मीदवारों के रोल नंबर भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित किए जाएंगे। साक्षात्कार पत्र केवल सूचीबद्ध उम्मीदवारों की पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ही भेजे जाएंगे।

प्रश्नपत्र-।। हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रूप में तैयार किया जाएगा। उम्मीदवारों के लिए प्रश्नों को हिंदी अथवा अंग्रेजी में चुनने का विकल्प मौजूद होगा ।

प्रश्नपत्र-।। और ।।। के लिए परीक्षा की अवधि क्रमशः 180 मिनट और 90 मिनट होगी; हालांकि, आपको परीक्षा स्थल पर क्रमशः लगभग 240 और 150 मिनट रूकना पड़ सकता है, जिसमें उपस्थिति दर्ज कराने, फोटो पहचान के प्रमाण की फोटोप्रति के साथ प्रवेशपत्र जमा करने, उत्तर पुस्तिकाओं को जमा करने, लॉगिंग इन करने आदि में लगने वाला समय शामिल है।

2. **परीक्षा के लिए परिचालन अनुदेशः प्रश्नपत्र-II और प्रश्नपत्र-III**

(1) उम्मीदवार को एक लॉगइन स्क्रीन दिखाई देगी। उम्मीदवारों को परीक्षा पोर्टल में लॉगइन करने के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड डालना होगा । लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्रवेश पत्र मुद्रित है ।

(2) उम्मीदवार की प्रोफाइल (नाम, रोल नं. आदि) दिखाई देगी और यदि प्रोफाइल सही हो तो उम्मीदवार को 'I Confirm' बटन पर क्लिक करके पुष्टि करनी होगी। उसके बाद स्क्रीन पर अनुदेश प्रदर्शित होंगे। उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना है कि

